

नवभारत
ग्वालियर, मंगलवार, 10 फरवरी, 2026



# 4 दिवसीय विवाहोत्सव के साथ मनाई जाएगी महाशिवरात्रि

## शिव बारात रहेगी आकर्षण का केंद्र

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,09फरवरी।** नगर के ऐतिहासिक सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का पर्व भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक उल्लास के साथ भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर एवं नगर में चार से पांच दिनों तक धार्मिक अनुष्ठानों और पारंपरिक आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी।

आयोजन की शुरुआत 12 फरवरी को लगन गणेश पूजन एवं लगन संस्कार के साथ होगी। इसके पश्चात 13 फरवरी को पारंपरिक हल्दी रस्म, 14 फरवरी को मेहंदी समारोह एवं महिला संगीत की तर्ज पर भजन, गायन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। इन दिनों मंदिर परिसर को विवाह वाले घर की तरह सजाया जा रहा है, जहां विशेष साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं आकर्षक सजावट कराई जा रही है।

15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह का विधिविधान से आयोजन किया जाएगा। इस दिन शिव बारात नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों से होती हुई सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। बारात में बैंड-बाजे, ढोल-ताशे, धार्मिक झांकियां एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार सिद्धेश्वर महादेव मंदिर राजा नील के समय का प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिर है, जहां परंपरा अनुसार भगवान शिव को ही दूल्हा बनाया जाता है। यह आयोजन विगत पांच वर्षों से लगातार किया जा रहा है, जिसमें हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर के अन्य शिवालयों में भी दिनभर पूजा-अर्चना, जलाभिषेक एवं दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहेगी तथा देर रात्रि तक भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहेगा। आयोजन में प्रमुख सहयोगी के रूप में कृष्णा सिंघल, रेखा उपाध्याय, सीमा गुप्ता, संमता सिंघल, सीमा गोयल, स्नेहा गोयल, रेनू सिंघल, गरिमा गुप्ता, कविता गुप्ता, दीपाली जैन, अंजू भारद्वाज, उर्मिला श्रीवास्तव, रिंकी भार्गव सहित समस्त सिद्धेश्वर महादेव महिला समिति आदि शामिल हैं।



# पशुपालन श्रेणी में दुर्जन सिंह को मिला सर्वोत्तम किसान पुरस्कार

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 9 फरवरी।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) अंतर्गत मूल्यांकन वर्ष 2024-25 के लिए आवेदन किए गए पशुपालन श्रेणी में ग्राम वहादुरा, ग्राम पंचायत रामगढ़, विकासखंड बदरवास के किसान दुर्जन सिंह यादव का चयन सर्वोत्तम किसान पुरस्कार के लिए किया गया।

चयनित किसान को प्रशंसा प्रमाण पत्र का वितरण विधानसभा क्षेत्र कोलारस के विधायक महेंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक पूरन सिंह चौहान (विकासखंड बदरवास) सहित अन्य किसान एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बताया गया कि यह प्रशंसा प्रमाण पत्र अन्य किसानों को उन्नत पशुपालन अपनाने, नवाचार के लिए प्रेरित करने तथा अपनी आय में वृद्धि करने में सहायक सिद्ध होगा।

### 90 साल के बुजुर्ग को आयुष्मान कार्ड से मिला संबल

**ग्वालियर 09 फरवरी ।** केन्द्र सरकार की आयुष्मान योजना के तहत नव वंदना आयुष्मान योजना गरीब बुजुर्गों के लिए जीवनदायिनी बन चुकी है। ऐसे बुजुर्ग जिनके पास इलाज के लिए पैसे नहीं है वह अब आसानी से प्राइवेट हास्पिटलों में अपना उपचार कराकर स्वास्थ लाभ ले रहे हैं। आयुष्मान योजना की नव वंदना आयुष्मान योजना के तहत खेड़ापति रोड पर रहने वाले एक 90 साल के बुजुर्ग को संबल मिला है। बुजुर्ग के फेंफडों में पानी भर गया था, इसके कारण ना तो वह चल सकते थे और ना ही ठीक से सांस ले पा रहे थे। कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण बुजुर्ग अपना उपचार भी नहीं करा पा रहे थे। ऐसे में नव वंदना योजना के तहत उनका नि:शुल्क उपचार हुआ, अब वह स्वस्थ्य हैं। खेडापति निवासी श्री आर एस चौहान उम्र 90 साल के फेंफडों में पानी भर गया था। चूंकि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, इसलिए वह अपना उपचार नहीं करा पा रहे थे। ऐसे में उन्होंने जिला प्रबंधक श्री विजय भार्गव से संपर्क किया।

# अवैध हथियार रखने वालों पर शिकंजा, खौड़ चौकी पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 9 फरवरी।** चौकी खौड़, थाना भौती पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 315 बोर के देशी कट्टा एवं एक जिंदा राउंड के साथ गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में अवैध हथियार रखने एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 09 फरवरी 2026 को दौरान क्षेत्र भ्रमण पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध रूप से कट्टा लेकर घूम रहा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसके पास से एक 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा राउंड बरामद किया गया। नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम नवल गुर्जर पुत्र नारायण गुर्जर, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम खडेला बताया। आरोपी से कट्टा रखने के संबंध में वैध लाइसेंस चाहा गया, जो वह प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से कट्टा एवं जिंदा राउंड जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया एवं नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम सिंह भदौरिया, उप निरीक्षक कुसुम गोयल (चौकी प्रभारी खौड़), सहायक उप निरीक्षक मुनेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक प्रदीप गुर्जर, आरक्षक रवि शर्मा, ब्रजेश माहौर, बीरेन्द्र वाथम एवं सैनिक हनुमंत सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# वर्तमान बजट निम्न व मध्यम वर्ग के हित में

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 9 फरवरी।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शिवपुरी द्वारा सोमवार को बजट चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि आयोजन की शुरुआत पार्टी के पितृ पुरुषों पर माल्यार्पण के साथ की गई। कार्यक्रम में स्वागत भाषण मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय कुशवाह ने दिया। मुख्य वक्ता के रूप में धैर्यवर्धन शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान बजट निम्न एवं मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि मध्यम वर्ग की आय का बड़ा हिस्सा कर के रूप में सरकार के पास चला जाता है, लेकिन इस बजट में कर राहत की सीमा बढ़ाए जाने से सभी वर्गों को राहत मिली है। उन्होंने बजट से जुड़े अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मोर्चा के महामंत्री पंकज लोधी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मोर्चा के उपाध्यक्ष रामावतार गोस्वामी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मोर्चा के उपाध्यक्ष सोनू राठौर, कार्यालय मंत्री सुनील धाकड़, सह मीडिया प्रभारी पवन लोधी, नगर मंडल अध्यक्ष यश योगी, पुरानी शिवपुरी मंडल अध्यक्ष आकाश राठौर सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# सतनवाड़ा में निशुल्क स्वास्थ्य सेवा मिशन को लेकर बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 9 फरवरी।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया निशुल्क स्वास्थ्य सेवा मिशन के अंतर्गत 12 फरवरी को सतनवाड़ा में लगने वाले निशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों को लेकर आज 9 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतनवाड़ा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन भारतीय जनता पार्टी सतनवाड़ा मंडल द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों के साथ किया गया।

बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी डॉक्टर, बीएमओ, आशा समन्वयक, आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कर्मचारी सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री श्री अवतार सिंह गुर्जर ने कहा कि 12 फरवरी को आयोजित होने वाले निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतनवाड़ा के बीएमओ महेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मचारी नियमित सेवाओं के साथ-साथ इस शिविर को प्राथमिकता देते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। वहीं मंडल अध्यक्ष श्री चंदन सिंह धाकड़ ने कहा कि इस निशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से सतनवाड़ा क्षेत्र के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना उद्देश्य है।

पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह बैंस ने कहा कि श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के माध्यम से क्षेत्र के बीमार एवं जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा, इसके लिए सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा। बैठक में अन्य अतिथियों के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवकुमार धाकड़, राजेंद्र सिंह राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष रमेश चंद्र सेन, रामनिवास धाकड़, महामंत्री गोविंद सिंह गुर्जर, बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र गुर्जर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर निशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर के प्रचार हेतु छपवाए गए पर्चे उपस्थित सभी लोगों को वितरित किए गए, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक शिविर की जानकारी पहुंचाई जा सके।

# शांति और सदभाव के साथ मनाएँ सभी त्यौहार - कलेक्टर

## जिला शांति समिति की बैठक में कलेक्टर ने जिलेवासियों से की अपील

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09 फरवरी ।** जिले में आपसी भाईचारा, शांति एवं सदभाव के साथ पारंपरिक ढंग से होली के साथ सभी त्यौहार मनाए जाएं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिला शांति समिति की बैठक में जिलेवासियों से यह अपील की है। बैठक में महाशिवरात्रि, रमजान, होली, ईद-उल-फितर, रामनवमी, गुड़ी पड़वा, गुड फ्राइडे, चैती चाँद, हनुमान जयंती एवं बैसाखी त्यौहारों को ध्यान में रखकर चर्चा की गई।

सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर कलेक्टर श्री सी बी प्रसाद, एडिशनल एसपी सुश्री सुमन गुर्जर, शहर के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, विभागीय अधिकारी सहित शांति समिति के सदस्य सर्वश्री संत कृपाल सिंह, शहरकाजी सहित शांति समिति के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि ग्वालियर जिले में सभी त्यौहार शांति और सदभाव के साथ मनाए जाते हैं। त्यौहारों के दृष्टिगत जिला शांति समिति की बैठक के साथ ही थाना स्तर पर भी बैठकों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान ही बच्चों की परीक्षायें संचालित रहेंगीं। इसको ध्यान में रखकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित समय में धीमी गति के साथ किया जाए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी त्यौहारों पर मंदिर, मज्जिद, गिरिजाघर व गुरुद्वारों सहित अन्य पूजा घरों के आसपास साफ-सफाई आदि के पुख्ता प्रबंध किए जायेंगे। इसके साथ ही त्यौहारों के दौरान विद्युत कटौती न हो, इस पर भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जायेगा। होली के त्यौहार पर पर्याप्त जल प्रदाय हो यह भी सुनिश्चित किया जायेगा। सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात रहेगा। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। जिनको गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**प्रतिबंधात्मक आदेश जारी :** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने परीक्षा केन्द्रों पर कानून व्यवस्था की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत समस्त परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर के दायरे में 4 या 4 से अधिक व्यक्तियों के समूह के रूप में या अन्य किसी प्रकार से एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगाया है।

# इतिहास के पन्नों में दून पब्लिक स्कूल के नन्हे कदम

## वीरगाथा और विज्ञान का संगम, दून पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जाना झाँसी और ओरछा का इतिहास

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 9 फरवरी।** विद्यार्थियों को अपनी गौरवशाली विरासत और इतिहास से रूबरू कराने के उद्देश्य से दून पब्लिक स्कूल, शिवपुरी द्वारा अतीत की यात्रा के अंतर्गत एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस टूर में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जहाँ उन्होंने झाँसी और ओरछा के ऐतिहासिक महत्व को करीब से समझा। भ्रमण की शुरुआत ऐतिहासिक नगरी ओरछा से हुई, जहाँ छात्रों ने विश्व प्रसिद्ध जहांगीर महल और कलात्मक छतरियों की भव्य वास्तुकला को देखा। पवित्र बेतवा नदी के तट पर प्रकृति और इतिहास के मेल को देखकर विद्यार्थी मंत्रमुग्ध हो गए। यहाँ उन्हें बुंदेला काल के वैभव को समझने का अवसर मिला। बुंदेला



राजा वीर सिंह जी देव ने 17वीं शताब्दी में बादशाह जहांगीर के स्वागत के लिए बनवाया था ।यह महल इंडो इस्लामिक वास्तु कला का शानदार नमूना है। रेडिएंट ग्रुप शिवपुरी के डायरेक्टर शाहिद खान ने इस टूर में गाइड की भूमिका निभाते हुए प्रत्येक दर्शनीय स्थल के ऐतिहासिक और वैज्ञानिक पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। वहीं, स्पोर्ट्स प्रशिक्षक एवं टूर इंचार्ज समी खान के नेतृत्व में पूरे भ्रमण का प्रबंधन कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ। दून पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर डॉक्टर खुशी खान ने यू पी टूरिज्म के होटल वीरांगना के सभागार में छात्र-छात्राओं से भ्रमण की समीक्षा करते हुए कहा इतिहास हमें प्रगतिशील रखने के लिए प्रेरित करता है इससे हमें मानव व्यवहार, सांस्कृतिक विरासत, राजनीतिक बदलाव, आर्थिक सामाजिक परिस्थितियों के साथ भौगोलिक जानकारियां हासिल होती हैं। इस शैक्षिक यात्रा की सफलता पर कहा कि ऐसे आयोजन किताबी ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव में बदलते हैं और बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। इस सफल यात्रा में स्कूल का समस्त स्टाफ भी सम्मिलित रहा।

बॉक्स
जरूरी है गिद्धों का संरक्षण

ओरछा स्थित छतरियों पर बड़ी संख्या में लुप्तप्राय पक्षी गिद्ध आज स्वतंत्र विचरण करते दिखे। दून स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान ने छात्रों को बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता के लिए गिद्ध महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । सरकारी प्रयासों से गिद्ध संरक्षण का कार्य सराहनीय है हमें भी पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए।

### झाँसी का किला और स्पेस म्यूजियम का रोमांच

इसके पश्चात दल झाँसी पहुँचा, जहाँ रानी लक्ष्मी बाई के किले का भ्रमण कर बच्चों ने वीरांगना के बलिदान और अदम्य साहस को महसूस किया। टूर का एक अन्य मुख्य आकर्षण स्पेस म्यूजियम रहा, जहाँ छात्रों ने ब्रह्मांड की गहराइयों और खगोलीय रहस्यों को जानकर विज्ञान की दुनिया में गोते लगाए।

### कृषक कल्याण वर्ष में छात्र, शिक्षक व संस्थाओं से मांगे सुझाव

**ग्वालियर 09 फरवरी ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार वर्ष 2026 कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसका शुभारंभ 11 जनवरी को किया गया है। इस दौरान कृषक कल्याण से संबंधित विभागों की गतिविधियां संचालित की जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए 10 दिशात्मक मॉडल पर कार्य किया जाना है। इस कार्ययोजना की तैयारी को लेकर आमजन, कृषक, कृषि के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाएं, संगठन, छात्र, उद्यमी इत्यादि अपने सुझाव पोर्टल पर कैंपेन के माध्यम से 250 शब्दों में सुझाव दे सकते हैं। ट्रांसफोर्मिंग एग्रीकल्चर, किसान आय वद्धि एवं अपव्यय में कमी, जल मृदा एवं कृषि आदान का अनुकूलन, जलवायु, उर्जा एवं सततता, मूल्य श्रंखला, बाजार एवं किसान हिस्सेदारी, निर्यात, ब्रांडिंग एवं वैश्विक उपस्थिति, अनुसंधान, नवाचार एवं सशक्तिकरण, विरासत, संस्कृति एवं सॉफ्ट ब्रांडिंग, शासन, डिजिटल व्यवस्था एवं पारदर्षिता विषय है।

# ग्वालियर जिले में जागरूकता रथ का व्यापक भ्रमण, स्कूलों व पंचायतों में दिलाई गई शपथ

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09 फरवरी ।** महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट के संयुक्त तत्वावधान में ग्वालियर जिले में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संचालित जागरूकता रथ यात्रा का सोमवार को विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों, पंचायतों एवं शैक्षणिक संस्थानों में प्रभावी रूप से संचालन किया गया।

इस अभियान के तहत जागरूकता रथ को झण्डा का पूरा, महाराजपुर, बिठौली, तिगरा, लखनपुर, कुलैथ, जिगसोली, सिगौरा, भयपुरा, बरई, नयागांव, पनिहार, गिरवाई, गुड़ा एवं गुड़ी का नाका सहित अनेक ग्राम पंचायतों में पहुँचाया गया। रथ के माध्यम से ग्रामीणजन, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान संबंधित विद्यालयों एवं ग्राम पंचायत परिसरों में बाल विवाह के विरुद्ध शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण नागरिकों ने बाल विवाह न करने और इसे रोकने हेतु सदैव सजग रहने की शपथ ली ।जागरूकता रथ यात्रा का उद्देश्य समाज में फैली इस सामाजिक कुप्रथा के प्रति जनचेतना विकसित करना, बाल अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना तथा आमजन को यह संदेश देना है कि बाल विवाह न केवल सामाजिक अपराध है बल्कि कानूनन दंडनीय भी है।


# कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड ग्वालियर ( म .प्र . )

फोन नं. 0751-2231257 ई-मेल eephedgwa@nic.in

क्र. 287/ नि.प्र./ का.यं./ लोक स्वा. यॉ./खण्ड/2025-26/ ग्यालियर — दिनांक : 02/02/26

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑन लाईन बेवसाइट https://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.02.2026 से दिनांक 23.2.2026 सायं 06.00 बजे तक क्रय तथा दिनांक 02.02.2026 से दिनांक 23.2.2026 सायं 06.00 बजे तक ऑन लाईन प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा खुलने की दिनांक 25.2.2026 दोपहर 01.00 बजे से है।

निविदा संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जायेगी। संशोधन संबंधी सूचनायें केवल वेबसाइट पर ही अपलोड की जावेंगी।

| सं.क्र. | नि.आ.सू. क्र. /दि. | ई-टेण्डर आई. डी. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | कार्य की अनुमानित लागत ( PAC ) रु. में | प्रतिभूति राशि ( EMD ) रू. में | ऑन लाइन निविदा फार्म का मूल्य रू. में | आमंत्रण की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 54/2025-26/ 02-2-2026 | 2026_PHED _479705_1 | ग्वालियर के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हेण्डपम्पों संधारण कार्य हेतु लगने बाले एक्सटेंशनपीस प्रदाय करने बाबत | 461400/- | 9228.00 | 2000.00 | first |

G -25644/25

कार्यपालन यंत्री
लो. स्वा. यां. खण्ड ग्वालियर



# आयुक्त, कार्यालय जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल ( म .प्र . )

ई-मेलः civil.ctd@mp.gov.in — बेबसाईटः www.tribal.mp.gov.in

## द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/निर्माण/2025-26/2241 — भोपाल, दिनांक 2/2/26

जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माणाधीन एवं नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यों के संपादन हेतु आर्किटेक्चरल डिज़ाइन एवं डी.पी.आर. कन्सल्टेंसी तथा पी.एम.सी. (क्वालिटी कंट्रोल सहित) कार्य हेतु कंसल्टेंसी की स्थापना हेतु स्थापित अनुभवी एवं पंजीकृत कंपनी / फर्म से निम्नलिखित कार्य हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| कार्य का नाम | सिविल कार्य लागत की संभावित राशि ( करोड़ में ) | अनुबंध की संभावित राशि ( करोड़ में ) | EMD राशि ( लाख में ) | निर्धारित समय अवधि |
|---|---|---|---|---|
| जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत इंदौर ज़ोन 2 (अलीराजपुर, झाबुआ एवं बुरहानपुर) जिले के निर्माण कार्यों हेतु आर्किटेक्चरल डिज़ाइन, डी.पी.आर. एवं परियोजना प्रबंधन कंसल्टेंसी का कार्य। | 200.49 | 3.43 | 10.00 | 24 months |

1. इच्छुक फर्म/ कम्पनी MP Tenders के पोर्टल पर विवरण देख सकते हैं।
2. NIT (निविदा आमंत्रण सूचना) में किसी प्रकार के परिवर्तन सूचना केवल www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी।
3. निविदा प्रपत्र की उपलब्धता का विस्तृत विवरण : www.mptenders.gov.in में देखा जा सकत है।
4. प्रस्ताव जमा करने की प्रक्रिया केवल उपरोक्त पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी।
5. संशोधन/परिशिष्ट/स्पष्टीकरण / शुद्धि पत्रक केवल www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित किए जाएंगे।
6. आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग को बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

G -25635/25

आयुक्त
जनजातीय कार्य भोपाल म.प्र.